भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 466 #
गुरूवार, 28 नवम्बर, 2024/7 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

धार्मिक पर्यटन स्थल

466 # **डा. लक्ष्मीकान्त बाजपेयी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार हेतु कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो अब तक उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, इस राज्य के धार्मिक स्थलों का जिले-वार तथा क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ख): पर्यटन मंत्रालय का उद्देश्य अपनी तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के तहत देश भर में पूर्व-चिह्नित धार्मिक और विरासत स्थलों पर अवसंरचना का विकास करना है। इस योजना के तहत, मंत्रालय इन स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। प्रशाद योजना के तहत मंत्रालय ने देश भर में 1605.20 करोड़ रुपये की लागत से कुल 46 परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है।

इसके अलावा, मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत, आध्यात्मिक परिपथ, बौद्ध परिपथ, विरासत परिपथ, रामायण परिपथ आदि जैसे विविध विषयों पर आधारित परिपथों के तहत 5287.90 करोड़ रुपये की कुल 76 परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है।

इसके अतिरिक्त, मंत्रालय, 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' की अपनी जारी योजना के माध्यम से पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

मंत्रालय अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से धार्मिक पर्यटन सहित विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का भी नियमित रूप से संवर्धन करता है।

उत्तर प्रदेश में पर्यटन मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही विविध योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया हैं।

*****

अनुबंध

डा. लक्ष्मीकान्त बाजपेयी द्वारा धार्मिक पर्यटन स्थल के संबंध में दिनांक 28.11.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 466 # के भाग (क) से (ख) के उत्तर में **विवरण**

उत्तर प्रदेश में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूचीः

राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)
उत्तर प्रदेश	1	वाराणसी -चरण-I का विकास	2015-16	18.73
	2	मेगा पर्यटन परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास	2014-15	10.98
	3	वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन का विकास	2017-18	9.02
	4	वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण	2014-15	9.36
	5	वाराणसी- चरण-II का विकास	2017-18	44.60
	6	गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास	2018-19	37.59

उत्तर प्रदेश में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	क्र. सं.	परिपथ का नाम	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
उत्तर प्रदेश	1	बौद्ध परिपथ 2016-17	श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास	87.89
	2	रामायण परिपथ 2016-17	चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास	69.45
	3	आध्यात्मिक परिपथ	अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर-	71.91

		2016-17	गोरखपुर-डुमरियागंज-बस्ती-बाराबंकी-आजमगढ़-कैराना-बागपत-शाहजहांपुर का विकास	
	4	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	बिजनौर-मेरठ-कानपुर-कानपुर देहात-बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर-घोसी-बलिया-अंबेडकरनगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा-सोनभद्र- चंदौली-मिश्रिख-भदोही का विकास।	67.51
	5	विरासत परिपथ 2016-17	कालिंजर किला (बांदा) - मगहर धाम (संत कबीर नगर) - चौरी चौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुआर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास	36.65
	6	रामायण परिपथ 2017-18	अयोध्या का विकास	127.21
	7	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	जेवर-दादरी-सिकंदराबाद-नोएडा-खुर्जा-बांदा का विकास	12.03
	8	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास	18.30

उत्तर प्रदेश में केंद्रीय एजेंसियों को सहायता की योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

राज्य	क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
उत्तर प्रदेश	1	वाराणसी/सारनाथ में (सारनाथ में धमेख स्तूप, सारनाथ में चौखंडी स्तूप सारनाथ में लालकन का मकबरा और बनारस में मान महल) स्मारकों का प्रदीप्तीकरण।	5.12
	2	वाराणसी, उत्तर प्रदेश में तीन स्मारकों का प्रदीप्तीकरण-	2.93

		1. दशाश्वमेध घाट से दरभंगा घाट (300 मीटर का विस्तार) 2. तुलसी मानस मंदिर 3. सारनाथ संग्रहालय	

*****